अमर उजाला 29/04/2025

# भगत सिंह युवा पीढ़ी में भी लोकप्रिय : डॉ.धर्मवीर



**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के इतिहास विभाग की ओर से शहीद भगत सिंह पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया। सेमिनार कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर अमरजीत सिंह और डॉक्टर धर्मवीर सैनी ने बताया कि भगत सिंह की जितनी प्रासंगिकता उनके समय में थी। उससे ज्यादा उनकी विचारधारा की प्रासंगिकता वर्तमान समय में है। इस प्रकार आज हमारा युवा एक भटकाव की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उनको सही दिशा पर लाने के लिए भगत सिंह की विचारधारा एक महत्वपूर्ण रोल अदा कर सकती है, क्योंकि भगत सिंह आज भी उतने ही युवा वर्ग में लोकप्रिय है जितने कि वह भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के समय युवा वर्ग में थे। संवाद